**SHAKTI**

**PUMPING LIFE**

Date: -04.11.2023

| To,<br>The Secretary,<br>Listing Department<br>National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange plaza, BKC, Bandra (E)<br>Mumbai-MH 400051. | To,<br>The Secretary,<br>Corporate Relationship Department<br>BSE Limited<br>P. J. Towers, Dalal Street<br>Mumbai- MH 400001. |
|---|---|

**REF :-( ISIN- INE908D01010) SCRIP CODE BSE-531431, NSE Symbol -SHAKTIPUMP**

**Sub:- Newspaper Publications of Un-Audited Financial Results for the Quarter and half year ended on 30th September 2023.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of newspaper cutting containing the extract of Un-Audited Financial Results for the Quarter and Half Year ended on 30th September 2023 published on Saturday, November 04, 2023 in the Economic Times (English) and Business Standard (Hindi) Edition.

Kindly take on record the above information for your reference.

Thanking you,

Yours faithfully

**For Shakti Pumps (India) Limited**

**Ravi Patidar**
**Company Secretary**

SHAKTI PUMPS (INDIA) LTD.

**SHAKTI PUMPS (INDIA) LIMITED**

**CIN:** L29120MP1995PLC009327, **Regd. Office & Works:** Plot No. 401, 402 & 413, Industrial Area, Sector - 3, Pithampur - 454774, Dist. Dhar (M.P.) INDIA.
**Tel.:** +91 7292 410500, **Fax:** +91 7292 410645, **E-mail:** info@shaktipumps.com, sales@shaktipumps.com, **Web:** www.shaktipumps.com

वर्ष 16
अंक 215
8 पृष्ठ
मूल्य 5 रुपये

शनिवार, 4 नवंबर 2023
कोलकाता, चंडीगढ़, नई दिल्ली, **भोपाल**, मुंबई और लखनऊ से प्रकाशित।

भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार www.bshindi.com

# बिज़नेस स्टैंडर्ड



पृष्ठ 4

**सरकारी उपक्रम संभालें बिजली**

राजीव चंद्रशेखर पृष्ठ 8

**एआई पर वैश्विक ढांचा तैयार करने पर होगी चर्चा**



डॉलर रु. 83.30 (अपरिवर्तित) | यूरो रु. 88.70 ▲ 30 पैसे | सोना (10 ग्राम) रु. 60830 ▼ 17 रु. | सेंसेक्स 64363.80 ▲ 282.90 | निफ्टी 19230.60 ▲ 97.30 | निफ्टी फ्यूचर्स 19303.60 ▲ 73.0 | ब्रेंट क्रूड 88.30 ▲ 0.80 डॉलर

## एक नज़र

### सेवा गतिविधियां सात माह के निचले स्तर पर

भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अक्टूबर में सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच गईं। प्रतिस्पर्धी स्थितियों और मूल्य दबाव के बीच उत्पादन तथा मांग में नरमी के कारण यह गिरावट आई है। मौसमी रूप से समायोजित एसऐंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अक्टूबर में 58.4 पर पहुंच गया। यह सितंबर में 13 साल के उच्चतम स्तर पर 61 पर पहुंच गया था। सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजी गई प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित है। पृष्ठ 4

### जोमैटो को 36 करोड़ रुपये का मुनाफा

खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन आपूर्ति करने वाली कंपनी जोमैटो ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 36 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। यह लगातार दूसरी तिमाही है जिसमें कंपनी को मुनाफा हुआ है। पिछले साल की समान तिमाही में जोमैटो को 251 करोड़ रुपये नुकसान हुआ था। पृष्ठ 2

### दिल्ली की हवा हुई बेहद खराब

दिल्ली में वायु गुणवत्ता के 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचने के बीच प्रदूषण नियंत्रण योजना के तीसरे चरण को लागू कर दिया गया है और नगर सरकार एवं अन्य एजेंसियों ने विभिन्न कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण या तोड़फोड़ गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध के साथ चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना के तीसरे चरण को लागू किया गया है। इसके तहत, दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल गाड़ियों पर भी रोक लगाई गई है। राष्ट्रीय हरित पंचाट ने उन राज्यों के मुख्य सचिवों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक गिरकर खराब, बहुत खराब और गंभीर श्रेणियों में पहुंच गया है। पृष्ठ 8

# दो हफ्ते की मार से उबरा बाजार

## लगातार दो हफ्ते नुकसान में रहने के बाद इस हफ्ते चढ़कर बंद हुआ बाजार

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 3 नवंबर



**हाल-ए-बाजार**

- सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दूसरे दिन तेजी
- इस हफ्ते सेंसेक्स 0.9 फीसदी और निफ्टी 1 फीसदी बढ़त में रहा
- दरें नहीं बढ़ाने के फेडरल रिजर्व के निर्णय से बढ़ा निवेशकों का हौसला
- 10 साल के अमेरिकी बॉन्ड की यील्ड भी घटकर रह गई 4.65 फीसदी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है, जिससे दरें उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकने की उम्मीद फिर बढ़ गई है। फेड के इसी हफ्ते के फैसले का असर शेयर बाजार पर भी दिखा और बेंचमार्क सूचकांक आज लगातार दूसरे दिन बढ़त पर बंद हुए। अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की यील्ड में भी इसी कारण नरमी आई है।

सेंसेक्स आज 283 अंक चढ़कर 64,364 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 97 अंक की बढ़त के साथ 19,231 पर बंद हुआ। दो हफ्ते तक गिरावट पर बंद होने के बाद इस हफ्ते सेंसेक्स 0.9 फीसदी और निफ्टी 1 फीसदी बढ़त में रहा।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को संकेत दिया कि 10 साल के बॉन्ड की यील्ड में हालिया तेजी के कारण दर बढ़ोतरी की जरूरत कुछ कम हो गई है। हालांकि फेड ने दरों में बढ़ोतरी का विकल्प खुला रखा है मगर उसके रुख में नरमी से दर वृद्धि थमने की उम्मीद जग गई है, जिस कारण दुनिया भर के बाजार जोश में दिखे। 10 साल के अमेरिकी बॉन्ड की यील्ड कई साल के उच्च स्तर से घटकर 4.65 फीसदी पर रह गई थी। पिछले महीने यह 16 साल के उच्चतम स्तर 5 फीसदी को लांघ गई थी।

बहरहाल विश्लेषकों ने आगाह किया कि दिसंबर में फेड की बैठक से पहले आने वाले वृहद आर्थिक आंकड़े बताएंगे कि दर बढ़ेगी अथवा नहीं। फेड और अन्य केंद्रीय बैंकों की नजरें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर भी हैं। उन्हें फिक्र है कि विवाद गहराने पर ईरान और अन्य तेल उत्पादक देश भी इसमें शामिल हो सकते हैं, जिसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। मुद्रास्फीति को लक्ष्य के भीतर लाने का प्रयास कर रहे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों के लिए तेल के दाम में तेजी चुनौती खड़ी कर सकती है। अभी तक तेल बाजार पर इस संघर्ष का असर नहीं दिखा है। ब्रेंट क्रूड 87.8 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले महीने युद्ध शुरू होने से पहले के भाव से कम है।

कंपनियों के नतीजों से भी निवेशकों का हौसला बढ़ा है। अक्टूबर में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह भी 1.72 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो अभी तक का दूसरा सर्वाधिक आंकड़ा है। वृहद विदेशी निवेशकों की बिकवाली की रफ्तार भी थोड़ी कम हुई है और शुक्रवार को उन्होंने केवल 12 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। विश्लेषकों ने कहा कि नरम वैश्विक आर्थिक हालात के बीच भारत में निरंतर वृद्धि देखकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक दोबारा शुद्ध खरीदार बन सकते हैं। अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने 21,680 करोड़ रुपये की निकासी की थी। इसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी में पिछले साल दिसंबर के बाद लगातार सबसे ज्यादा सत्रों में गिरावट आई थी।

मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के संस्थापक सौरभ मुखर्जी ने कहा, 'बयान से स्पष्ट है कि फेड आगे दरें नहीं बढ़ाएगा। मजबूत आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के अच्छे नतीजों से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। यदा-कदा राजनीतिक झटके लगते रहते हैं मगर बाजार पर इनका ज्यादा प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है। तेल के दाम ठहरे रहे और ब्याज दरें नहीं बढ़ीं तो रुपया भी स्थिर होगा। इससे विदेशी निवेशक फिर शेयर बाजार में रकम लगाने लगेंगे।'

बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर आज 2,267 शेयर बढ़त में और 1,422 गिरावट पर बंद हुए। सेंसेक्स के आधे से ज्यादा शेयर लाभ में रहे।

**■ म्युचुअल फंडों का 1,000 कंपनियों पर दांव:** पृष्ठ 3

# इंडिगो को 189 करोड़ रुपये का मुनाफा

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 3 नवंबर



- पांच साल बाद किसी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफे में रही इंडिगो
- दूसरी तिमाही में इंडिगो की आय 14,944 करोड़ रुपये रही
- प्रैट ऐंड व्हिटनी इंजनों में नई समस्या के कारण कंपनी को खड़े करने पड़ सकते हैं और विमान

**चालू** वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में इंडिगो का संचयी शुद्ध मुनाफा 188.9 करोड़ रुपये रहा। उड़ानों का नेटवर्क बढ़ाने और हवाई यातायात की मांग ज्यादा रहने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। पांच साल में यह पहला मौका है जब विमानन कंपनी को किसी भी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा हुआ है। आम तौर पर इस तिमाही को विमानन उद्योग के लिए कमजोर मांग वाला सीजन माना जाता है।

जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान इंडिगो से 2.63 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी, जो पिछले साल की समान तिमाही से 33.4 फीसदी अधिक है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का लोड फैक्टर (उड़ान के दौरान विमान की भरी हुई सीटें) पिछले साल की समान तिमाही के 79.2 फीसदी से बढ़कर 83.3 फीसदी हो गया। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में इंडिगो की कुल आय 19.57 फीसदी बढ़कर 14,944 करोड़ रुपये रही। निवेशकों के साथ बातचीत में कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी गौरव नेगी ने कहा कि जनवरी 2024 से प्रैट ऐंड व्हिटनी इंजन वाले कुछ और विमानों को उड़ान से बाहर करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में इंजन की समस्या के कारण करीब 40 विमान खड़े हैं। लेकिन अब पाउडर मेटल की नई समस्या के कारण भी विमान खड़े करने पड़ सकते हैं। इंडिगो के मुख्य कार्याधिकारी पीटर अल्बर्स ने कहा कि कंपनी साल की शुरुआत में क्षमता वृद्धि के अपने अनुमान पर खरी उतरेगी।

**आज का सवाल**

**क्या वायु प्रदूषण से निपटने के सरकार के उपाय पर्याप्त हैं**

www.bshindi.com पर राय भेजें।
आप अपना जवाब एसएमएस भी कर सकते हैं। यदि आपका जवाब हां है तो Y और यदि न है तो N लिखकर 57007 पर भेजें।

**पिछले सवाल का नतीजा**

क्या प्लेसमेंट में देरी है आईटी उद्योग में नरमी का संकेत?

हां 82% नहीं 18%

**व्यापार गोष्ठी**



**एक सप्ताह में 70 घंटे काम के सुझाव पर आपकी राय?**

अपनी राय पूरे पते के साथ हमें इस पते पर भेजें:
बिज़नेस स्टैंडर्ड, नेहरू हाऊस, 4 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002 फैक्स नंबर - 011-23720201 या फिर ई-मेल करें **goshthi@bsmail.in**

अपने विचार आप हमें **www.bshindi.com पर भी भेज सकते हैं**

# 50 वर्षीय बॉन्ड की शानदार मांग

अंजलि कुमारी
मुंबई, 3 नवंबर

- बीमा कंपनियों और पेंशन फंडों में बढ़ रहा लंबी अवधि के बॉन्डों का आकर्षण
- आरबीआई ने 50 साल के बॉन्ड पर कट-ऑफ यील्ड 7.46 फीसदी निर्धारित की है
- 50-वर्षीय बॉन्ड की बिक्री भी 10,000 करोड़ रुपये रही

**देश** में 50 साल के सरकारी बॉन्ड की पहली नीलामी में आज जबरदस्त मांग देखी गई। इससे पता चलता है कि बीमा कंपनियों और पेंशन फंडों के बीच अल्ट्रा-लॉन्ग टर्म यानी काफी लंबी अवधि के बॉन्ड का आकर्षण बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बॉन्ड पर कट-ऑफ यील्ड 7.46 फीसदी निर्धारित की है, जो बाजार की अपेक्षाओं से बेहतर है। बाजार में 50 साल के बॉन्ड से पहले सबसे लंबी मियाद का बॉन्ड 40 साल वाला था। 40-वर्षीय बॉन्ड आज 7.45 फीसदी यील्ड पर बंद हुआ। 50-वर्षीय बॉन्ड भी 10,000 करोड़ रुपये के बिक गए। सरकार अक्टूबर से मार्च के अपने उधारी कैलेंडर में 30,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड बेचने की योजना बना रही है। 50-वर्षीय सरकारी बॉन्ड की मांग जीवन बीमा कंपनियों खासकर भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से ज्यादा रही।

आईसीआईसीआई सिक्यो. प्राइमरी डीलरशिप के उपाध्यक्ष नवीन सिंह ने कहा, 'अधिकतर मांग बीमा एवं पेंशन फंडों से आई। बॉन्ड की मांग में तेजी फिलहाल बनी रहेगी क्योंकि बाजार ने इसे कुछ प्रीमियम दिया है।' केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 6.6 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की योजना बनाई है। यह पूरे वित्त वर्ष के लिए कुल 15.43 लाख करोड़ रुपये की उधारी योजना का 42 फीसदी है। कोटक लाइफ इंश्योरेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष चर्चिल भट्ट ने कहा, 'बाजार को हमेशा भरोसा रहता है कि मांग अच्छी रहेगी। पहली नीलामी के नतीजे ने यह बात साबित भी की है। बॉन्ड की दमदार मांग थी। हम निश्चित तौर पर तो नहीं कह सकते लेकिन इतना तय है कि अधिकांश मांग बड़ी बीमा कंपनियों और पेंशन फंडों से दिखी।'


SHAKTI PUMPING LIFE

SHAKTI SOLAR PUMPS.
INNOVATION THAT BENEFITS ALL

FINANCIAL HIGHLIGHTS

153.53 CR. REVENUE
15.96 CR. EBIDTA
7.37 CR. PBT
5.86 CR. PAT
3.19 INR EPS

ORDER BOOK INR 2400* CR.



STATEMENT OF CONSOLIDATED AND STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED ON SEPTEMBER 30, 2023

| S.No | Particulars | Consolidated | | | | | | Standalone | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended on | | | Half Yearly | | Year End | Quarter Ended on | | | Half Yearly | | Year ended on |
| | | September 30, 2023 | June 30, 2023 | September 30, 2022 | September 30, 2023 | September 30, 2022 | March 31, 2023 | September 30, 2023 | June 30, 2023 | September 30, 2022 | September 30, 2023 | September 30, 2022 | March 31, 2023 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from operation (Net) | 15,353.41 | 11,360.05 | 21,704.55 | 26,713.45 | 47,260.02 | 97093.62 | 13,513.17 | 10,887.18 | 21,044.24 | 24400.36 | 44831.81 | 93,026.57 |
| 2 | Net Profit/(loss) for the period before tax and exceptional items | 737.13 | 72.50 | 271.22 | 809.61 | 1,445.42 | 3224.73 | 151.32 | 351.18 | 68.90 | 502.52 | 1,066.34 | 3,010.17 |
| 3 | Net Profit/(loss) for the period before tax after exceptional items | 737.13 | 72.50 | 271.22 | 809.61 | 1,445.42 | 3224.73 | 151.32 | 351.18 | 68.90 | 502.52 | 1,066.34 | 3,010.17 |
| 4 | Net Profit/(loss) for the period after tax | 586.17 | 99.63 | 190.02 | 685.78 | 1,063.69 | 2413.18 | 87.21 | 441.80 | 55.49 | 529.03 | 800.75 | 2,398.55 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period | 611.20 | 107.18 | 279.87 | 718.36 | 1,272.18 | 2855.42 | 95.52 | 441.61 | 53.41 | 537.15 | 794.89 | 2,411.22 |
| 6 | Equity share capital (Face Value: Rs.10/- per share) | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 | 1,838.02 |
| 7 | Earnings per equity share (EPS) of Rs.10/- each for continued and discontinued operations | | | | | | | | | | | | |
| | (1) Basic | 3.19 | 0.54 | 1.03 | 3.73 | 5.79 | 13.13 | 0.47 | 2.40 | 0.30 | 2.88 | 4.36 | 13.05 |
| | (2) Diluted | 3.19 | 0.54 | 1.03 | 3.73 | 5.79 | 13.13 | 0.47 | 2.40 | 0.30 | 2.88 | 4.36 | 13.05 |

1 The Company operates its business through operating segments, representing our business on the basis of geographies which are India & Overseas.
2 The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on November 03, 2023.
3 Figures for the corresponding previous periods have been regrouped/rearranged, wherever necessary.

*Executable over next 24 months.

Place : Pithampur
Date : 03rd November 2023

For Shakti Pumps (India) Limited
Sd/-
Dinesh Patidar
Chairman & Whole Time Director.
(DIN 00549552)

देश का सोलर पम्प, शक्ति पम्पस्
SHAKTI PUMPS (INDIA) LIMITED

CIN : L29120MP1995PLC009327, Regd. Office & Works: Plot No. 401, 402, 413, Industrial Area, Sector - 3, Pithampur - 454774, Dist.- Dhar (M.P.) - INDIA. Fax: +91-7292-410645
E-mail: info@shaktipumps.com, cs@shaktipumpsindia.com Web: www.shaktipumps.com, Toll Free No. India: 1800 103 5555, Other Countries: +91-7292 410500

# ऐपल को भारत से रिकॉर्ड कमाई

आर्यमन गुप्ता
नई दिल्ली, 3 नवंबर



- सितंबर तिमाही में ऐपल इंडिया की आय वृद्धि दो अंक में रही
- कुल आय 1 फीसदी घटकर 89.5 अरब डॉलर रही
- भारत में खोले गए दोनों ऐपल स्टोरों का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा
- कई अन्य देशों में भी सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा
- आईफोन की बिक्री से प्राप्त आय 3 फीसदी बढ़कर 43.8 अरब हो गई

**आईफोन** बनाने वाली कंपनी ऐपल की भारतीय कारोबार से कमाई सितंबर तिमाही में दो अंकों में बढ़ गई। इसके साथ ही भारतीय कारोबार से उसकी आय रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। आईफोन की बिक्री से खास तौर पर उसकी आय की रफ्तार बढ़ गई।

ऐपल के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने नतीजे के बाद विश्लेषकों से बातचीत में कहा, 'हमने भारत में सर्वकालिक रिकॉर्ड आय दर्ज की है। वृद्धि भी दो अंकों में काफी मजबूत रही। यह हमारे लिए काफी रोमांचक बाजार है और हम उस पर काफी गंभीरता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत जैसे बड़े बाजार में हमारी हिस्सेदारी भले ही कम है मगर ऐसा लगता है कि वहां काफी गुंजाइश है।'

तिमाही के दौरान कंपनी की कुल वैश्विक आय एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 1 फीसदी घटकर 89.5 अरब डॉलर रही। कुक ने बताया कि सितंबर तिमाही में सर्विसेज में भी रिकॉर्ड आय हुई। एक तिमाही पहले भी कंपनी की आय 1 फीसदी घटकर 81.8 अरब डॉलर रह गई थी।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के वरिष्ठ विश्लेषक प्राचीर सिंह ने कहा, 'भारत में ऐपल की बाजार हिस्सेदारी 2019 में मुश्किल से 1 फीसदी थी। हमें उम्मीद है कि बिकने वाले हैंडसेट की संख्या के लिहाज से 2023 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 6 फीसदी तक पहुंच जाएगी। मूल्य के मोर्चे पर ऐपल शीर्ष दो में शामिल रहेगी।'

कुक ने कहा कि हाल में भारत में खोले गए कंपनी के स्टोर्स का प्रदर्शन काफी अच्छा दिख रहा है। ऐपल ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला स्टोर खोला था और दूसरा स्टोर नई दिल्ली के साकेत में है। उन्होंने कहा, 'भारत में हमें जबरदस्त बाजार दिख रहा है जहां बड़ी तादाद में लोग मध्यवर्ग में शामिल हो रहे हैं। हमने वहां दो खुदरा स्टोर खोले हैं और उनका प्रदर्शन भी उम्मीद से अच्छा रहा है।'

भारत के अलावा कंपनी ने कई अन्य देशों में भी सितंबर तिमाही के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। इनमें ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, इंडोनेशिया, मेक्सिको, फिलिपींस, सऊदी अरब, तुर्की, अमेरिका, वियतनाम आदि शामिल हैं।

टेकआर्क के संस्थापक एवं मुख्य विश्लेषक फैसल कवूसा ने कहा, 'जहां तक ऐपल का सवाल है तो हमें एक कंपनी के तौर पर उसके उत्पाद राजस्व में गिरावट और सर्विस राजस्व में वृद्धि दिख रही है। मगर उसकी उत्पाद राजस्व वृद्धि को भारत जैसे उभरते बाजारों से रफ्तार मिलेगी।'

ऐपल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्याधिकारी लूका मैस्त्री ने कहा कि कंपनी ने सितंबर तिमाही के दौरान रिकॉर्ड आईफोन बेचे। बिक्री मुख्य तौर पर उभरते बाजारों से आई। आईफोन की बिक्री से प्राप्त आय सितंबर तिमाही में एक साल पहले के मुकाबले 3 फीसदी बढ़कर 43.8 अरब हो गई, जो रिकॉर्ड आंकड़ा है।

विश्लेषकों का कहना है कि ऐपल को भारत में अपनी वृद्धि की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद नहीं है क्योंकि कम कीमत और बेहतर सुविधाओं के साथ तमाम 5जी फोन बाजार में उतारे जा रहे हैं।